दिन—बुधवार दिनांक— 21 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

01. कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा कल लगातार नौवें दिन भी बाधित रही।

02. बिहार में राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्र आज अपना नामांकन पत्र भरेंगे।

03. भागलपुर जिले के इस्माईलपुर—बिंदटोली के पास गंगा नदी पर बना बांध टूटने से लगभग छह हजार की आबादी प्रभावित। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

———————————————————

कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा कल लगातार नौवें दिन भी बाधित रही। ओपीडी सेवाओं के बाधित होने के चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल के चलते विभिन्न विभागों में सर्जरी भी नहीं हो पा रही है। इस बीच, पटना स्थित आईजीआईएमएस ने आज से सीमित ओपीडी शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत हर विभाग में पच्चीस मरीजों का इलाज होगा। ओपीडी में वरिष्ठ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इधर, पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस और पटना एम्स के जूनियर रेजिडेंट चिकित्सकों ने आज भी हड़ताल जारी रखने फैसला किया है।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले में सोशल मीडिया से पीड़िता का नाम, फोटो, और वीडियो हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाइस एडमिरल सर्जन आर सरीन, की अध्यक्षता में कार्यबल गठित किया है। प्रधान न्यायाधीश

न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल को तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ये कार्यबल ऐसे दिशा–निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। न्यायालय ने कोलकाता के आर जी कार अस्पताल में रेजीडेंट डॉक्टरों और विशेष रूप से महिला डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम तैनात करने का भी आदेश दिया। पीठ ने मामले से निपटने के पश्चिम बंगाल सरकार और अस्पताल के अधिकारियों के तौर तरीकों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

——————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी बी आई ने इस मामले की जांच से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित एक फर्जी पत्र के बारे में लोगों को आगाह किया है। सीबीआई ने पत्र और उसकी सामग्री को फर्जी बताया है। इसमें एक सीबीआई अधिकारी के नाम का उल्लेख है, जो मामले की जांच वापस लेने की मांग कर रहा है।

——————————————————————

बिहार में राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए एनडीए के प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्र आज अपना नामांकन पत्र भरेंगे। नामांकन के समय जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत एनडीए के अन्य नेता मौजूद रहेंगे। भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद की मीसा भारती के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद राज्यसभा की रिक्त हुई दो सीटों के लिए उप चुनाव हो रहा है। उप चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन है। आवश्यकता होने पर तीन सितम्बर को मतदान होगा और उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी।

——————————————————————

जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा के बिहार कैडर के तेरह अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाया गया है। केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाये गये अधिकारियों में मनोज कुमार, गिरिवर दयाल सिंह, हिमांशु कुमार राय, उज्ज्वल कुमार सिंह, संजीव कुमार, सुनील कुमार यादव, राजेश मीना, विभूति रंजन चौधरी, नवदीप शुक्ला, गीता सिंह, आदित्य प्रकाश, प्रवीण कुमार और प्रशांत कुमार शामिल हैं।

———————————————————

देश में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या पंचानवे करोड़ से अधिक और टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर एक सौ बीस करोड़ हो गई है। सरकार ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में देश में सात करोड़ तीस लाख नए इंटरनेट उपभोक्ता और सात करोड़ सत्तर लाख नए ब्रॉडबैंड उपभोक्ता जुड़े हैं।

———————————————————

राज्य में कृषि समन्वयकों के रिक्त दो हजार पदों पर शीघ्र नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए जल्द ही विज्ञापन प्रकाशित होगा। कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने पटना स्थित कृषि भवन में इक्यावन नवनियुक्त कृषि समन्वयकों को नियुक्ति पत्र देते हुए यह घोषणा की।

———————————————————

राज्य सरकार ने सभी विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में वित्तीय प्रबंधन और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए तीन समितियों का गठन किया है। शिक्षा विभाग ने विभिन्न योजनाओं के चयन और कार्यान्वयन की अनुशंसा का अधिकार नवगठित समितियों को सौंप दिया है। इससे पहले विश्वविद्यालय के स्तर पर योजनाएं तय होती थीं और राशि की मांग सरकार से की जाती थी। शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय कमिटी नई योजनाओं का चयन और अनुशंसा करेगी। इसके अध्यक्ष शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव होंगे। वहीं, अंगीभूत महाविद्यालयों में विकास योजनाओं का निर्धारण और कार्यान्वयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली कमिटी के जिम्मे होगा।

———————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार और केंद्र सरकार से आरक्षण में उपवर्गीकरण की व्यवस्था लागू करने की मांग की है। पटना में एक कार्यक्रम के दौरान श्री मांझी ने कहा कि बिहार में भी हरियाणा की तरह आरक्षण में उपवर्गीकरण कर अनुसूचित जाति के वंचित लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी जाती है, तो उनकी पार्टी आने वाले दिनों में पटना के गांधी मैदान में एक रैली का आयोजन करेगी।

———————————————————

भागलपुर जिले के गोपालपुर अंचल के इस्माईलपुर–बिंदटोली के पास गंगा नदी पर बना बांध टूटने से लगभग छह हजार की आबादी प्रभावित हुयी है। राहत और बचाव अभियान के तहत अबतक दो हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता––

———बाईट———

बांध के टूटने से गंगा का पानी तिनटंगा करारी और कमलाकुंद पंचायतों में फैल गया है। इससे जहां एक ओर हजारों की आबादी बाढ़ की चपेट मे आ गयी है वहीं, दूसरी तरफ, सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल को भी नुकसान हुआ है। बाढ़ का पानी गोपालपुर–बुद्धूचक पक्की सड़क पर बहने लगा है, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ है। बांध टूटने की सूचना पर भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी और डीआईजी विवेकानंद ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता ने भी विशेषज्ञ टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तटबंध की मरम्मत के निर्देश दिये। इधर, एनडीआरएफ की दो दो टीम और एसडीआरएफ की एक टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। बाढ़ पीड़ितों के लिए आवासन और भोजन की भी व्यवस्था की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

——————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधियां सामान्य बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान उत्तर और दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। वहीं, अगले अड़तालीस घंटों में राजधानी पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि शेखपुरा जिले में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। एसडीओ तथा एसडीपीओ आवास समेत कई सरकारी कार्यालयों में पानी भर गया है।

——————————————————————

शिक्षा विभाग के आठ पदाधिकारियों की टीम तमिलनाडु के शैक्षिक प्रशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पद्धति का अध्ययन करने के लिए आज रवाना होगी। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि यह टीम तमिलनाडु में स्कूली शिक्षकों की नियुक्ति पद्धति, उनकी सेवा शर्त, स्कूल प्रबंधन और मध्याह्न भोजन योजना संचालन के प्रक्रिया का अध्ययन करेगी।

——————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने नीट यूजी पेपर लीक मामले के आरोपी सिकंदर प्रसाद यादवेन्दु और आशुतोष कुमार के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत ये कार्रवाई की गयी है। इससे पहले ईडी ने एक अन्य आरोपी संजीव कुमार के बैंक खाते को भी फ्रीज कर दिया था।

————————————————————

राज्य के चयनित पच्चीस जिलों के तीन करोड़ छियानवे लाख बच्चों को चार सितंबर को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जाएगी। वहीं, छूटे हुए बच्चों को ग्यारह सितंबर को मॉप अप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी संबंधित जिलों को आदेश जारी कर दिया है।

————————————————————

श्री पंचदश नाम जूना अखाड़े के वरिष्ठतम महामंडलेश्वर पायलट बाबा का निधन हो गया है। वे छियासी वर्ष के थे तथा लंबे समय से बीमार थे। पायलट बाबा मूल रूप से रोहतास जिले के बिशनपुरा गांव के रहने वाले थे। पायलट बाबा भारतीय वायुसेना में पायलट थे और उन्होंने उन्नीस सौ बासठ के चीन युद्ध तथा उन्नीस पैंसठ और उन्नीस सौ इकहत्तर में पाकिस्तान के साथ युद्ध में हिस्सा लिया था। बाबा के निधन पर उनके पैतृक जिले में शोक की लहर है। बाबा को श्रद्धांजलि देने के लिए सासाराम स्थित सोमनाथ महादेव मंदिर में शोक–सभा का आयोजन किया गया।

————————————————————

हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दिग्घी कला पश्चिमी में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान वार्ड पार्षद पंकज राय के रूप में हुयी है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————

अरवल जिले के करपी प्रखंड के शेखपुरा गांव में आहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।

————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने कोलकाता के अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म मामले पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने इस खबर का शीर्षक दिया है – सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए नेशनल टास्क फोर्स गठित की।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – पैंतालीस हजार गांवों में जमीन का सर्वे शुरू। राज्य के सभी पांच सौ चौंतीस अंचलों में बनाए गये कैम्प कार्यालय।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – आरक्षण नहीं तो एंट्री नहीं। केन्द्र के पत्र के बाद यूपीएससी ने तीन दिन में लेटरल एंट्री बंद की।

**प्रभात खबर** ने रेरा के फैसले को प्रमुखता देते हुए लिखा है – परियोजनाओं में एक साल से अधिक देरी हुई, तो बीस लाख तक लगेगा अतिरिक्त शुल्क।

**आज** अखबार लिखता है – आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति का भारत बंद आज।

———————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में प्रदेश के मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा कल लगातार नौवें दिन भी बाधित रही।

02. बिहार में राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्र आज अपना नामांकन पत्र भरेंगे।

03. भागलपुर जिले के इस्माईलपुर–बिंदटोली के पास गंगा नदी पर बना बांध टूटने से लगभग छह हजार की आबादी प्रभावित। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी।

04. और, मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया।

———————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।